# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ–250004
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सीसीटीवी / 21 / 03
दिनांक : 12.07.2021

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक
समस्त सम्बद्ध राजकीय / अनुदानित एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालय / संस्थान
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषयः– विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं में सुचिता पूर्ण एवम् सफल आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयक के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि पूर्व की भांति विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं की प्रत्येक दिन व प्रत्येक पाली के प्रश्न–पत्र खोलते समय की जिलेवार वीडियों फुटेज मगाँनें की व्यवस्था की गई है, जो निम्नानुसार भेजना अनिवार्य हैः–

| क्र.सं. | जिला | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|
| 1. | मेरठ, बागपत | 7599959950 |
| 2. | बुलन्दशहर | 7599959951 |
| 3. | गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद व हापुड़ | 7599959952 |
| 4. | मुजफ्फरनगर, शामली | 7599959953 |
| 5. | सहारनपुर | 7599959954 |

उपरोक्त के अतिरिक्त समस्त परीक्षा केन्द्र वीडियों रिकार्डिंग व CCTV LINK भेजने से पूर्व निम्न बिन्दुओं का ध्यान रखें–

1. **प्रश्न पत्र खोलते समय की जो वीड़ियों व्हाट्स एप पर भेजी जाये उसमें परीक्षा दिनांक अंकित होना अनिवार्य हैं।** इसके लिये यह आवश्यक है कि पीछे एक बोर्ड (सफेद / काला) दर्शायें, जिस पर कालेज का नाम, कालेज कोड़, पाली, दिनांक, उस पाली में हो रही परीक्षा के विषय कोड़ एवं सील्ड पैकेट / बाक्स की संख्या जिन्हें खोला जाना हैं, केन्द्राध्यक्ष का नाम आदि स्पष्ट रुप से बडे अक्षरों में लिखें हो। सबसे पहले उक्त बोर्ड के सामने कैमरे को 4 से 5 सैकण्ड रखकर ही आगे का वीडियों बनाये। वीडियों में एक–एक सील्ड पैकेट खोलते हुए स्पष्ट रुप से दर्शायें।
2. प्रत्येक पाली की वीडियों बनाने के पश्चात् यथाशीघ्र (15 मिनट के अन्दर) महाविद्यालयों / परीक्षा–केन्द्रों द्वारा वीडियों विश्वविद्यालय को अवश्य प्रेषित किया जायें।
3. प्रत्येक महाविद्यालय अपने यहाँ कम से कम 4Mbps के इन्टरनेट का कनेक्शन आवश्यक रुप से लेना सुनिश्चित करें।
4. प्रत्येक महाविद्यालय STATIC IP/DNS के द्वारा ही CCTV/DVR का LINK विश्वविद्यालय के ई0मेल आईडी **(universitycctv@gmail.com)** पर उपलब्ध कराये, जिससे वीडियों की कनेक्टिविटी एवं गुणवत्ता सही रहें।
5. प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दो कैमरे होने चाहिए जो वाइस (आवाज) रिकार्डिंग युक्त हो।
6. कैमरे केवल फुल एच0डी0 ही होने अनिवार्य हो।
7. प्रतिदिन की समस्त परीक्षाओं की सम्पूर्ण पालियों की समाप्ति पर दिये गये लिंक **https://forms.gle/76pZBUr7CpyTHecM9** पर जाकर दिशा–निर्देश ध्यान पूर्वक पढ़ते हुए शाम ~~06:30~~ 05:30 बजे तक अनिवार्य रूप से सूचना दर्ज करने का कष्ट करें।
8. परीक्षा के दौरान परीक्षाओं की चार–चार दिन की रिकॉर्डिंग (सीडी / डीवीडी) भी CCTV Control Room में जमा कराना सुनिश्चित करें।

(हस्ताक्षर)
समन्वयक
सी0सी0टी0वी0 कन्ट्रोल रुम

भवदीय
(हस्ताक्षर) 12-07-2021
परीक्षा नियंत्रक